# आईसीएमआर- कैंसर रोगविज्ञान केंद्र सफदरजंग अस्पताल परिसर, नई दिल्ली- 110029

नं/:ICMR-CCP/Sr.Resident/2026-2027/ 1374 दिनांक: 13/07/2026

## वरिष्ठ रेजिडेंट पद हेतु अधिसूचना (पैथोलॉजी)

आईसीएमआर-कैंसर रोगविज्ञान केंद्र पूर्व में आईसीएमआर-राष्ट्रीय विकृति विज्ञान संस्थान, सफदरजंग अस्पताल परिसर, नई दिल्ली में 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के वेतन मैट्रिक्स स्तर-**11** के अंतर्गत वरिष्ठ रेजिडेंट पैथोलॉजी के एक पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव**

**अनिवार्य**:

एम.डी.(पैथोलॉजी) / डीएनबी (पैथोलॉजी) / डीसीपी (अंतिम उपाधि पिछले **3** वर्षों के भीतर पूर्ण की होनी चाहिए)

**पद**:

- (01) अनारक्षित

**पद हेतु दायित्व/योग्यताएँ**

आईसीएमआर– कैंसर रोगविज्ञान केंद्र (पूर्व में आईसीएमआर– राष्ट्रीय विकृति विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली) आईसीएमआर का एक प्रमुख अनुसंधान संस्थान है। यह पैथोलॉजी अनुसंधान, निदान एवं शैक्षणिक कार्यों में संलग्न है। अभ्यर्थी को पैथोलॉजी प्रयोगशाला में नियमित दायित्वों का निर्वहन करना होगा तथा संस्थान की चल रही शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेना होगा।

**आयु**:

आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम 5 वर्ष की आयु-सीमा में छूट देय होगी। तथापि, अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों के असाधारण मामलों में निर्धारित आयु-सीमा में छूट प्रदान की जा सकती है।

उपरोक्त वेतनमान पर केंद्रीय सरकार के नियमों के अनुसार भत्ते देय होंगे।

वरिष्ठ रेजिडेंट का कार्यकाल 3 (तीन) वर्ष के लिए मान्य होगा। तथापि, इसका नवीनीकरण वार्षिक आधार पर किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में वरिष्ठ रेजिडेंसी पूर्ण की जा चुकी है, वे आवेदन करने के पात्र नहीं होंगे। जिन अभ्यर्थियों के पास एम.डी./डीएनबी/डीसीपी प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं हैं अथवा जो परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे भी आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।

निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं है। तथापि, नियमों के अनुसार चिकित्सकीय स्नातकों को गैर-प्रैक्टिस भत्ता देय होगा। छात्रावास आवास उपलब्ध नहीं है।

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित आवेदन प्रपत्र में अपना आवेदन ई-मेल आईडी niprecruitmentcell@gmail.com पर प्रेषित कर सकते है।

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि - **31.जुलाई.2026**

साक्षात्कार की तिथि की सूचना शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को ई-मेल द्वारा दी जाएगी। ।

***किसी भी असंगति की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।**

**प्रशासनिक अधिकारी**